हरिभूमि
# रत्न भूमि

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

रायपुर, शुक्रवार 13 दिसंबर 2024



15 जिला स्तरीय युवा उत्सव में मैनपुर ब्लाक का रहा दबदबा




16 सिकासार बांध का पानी कहीं और ले जाने का प्रयास...







प्रेम रतन पैलेस & रिसोर्ट
राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)
ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदार व्यवस्था
सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिशियल मीटिंग, साल गिराह, फैशन शो की पूरी सुविधा
• हरा-भरा गार्डन
• शुद्ध हवा • AC रूम
• 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं
नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग सांई मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम
मो.नं. 7693040000, 8819959966, 8871500900
प्रबंधक की आवश्यकता है युवक-युवती संपर्क करें 9926133072


## खबर संक्षेप



### बाबाकुटी आश्रम में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ प्रारंभ

**फिंगेश्वर।** श्रीराम चरित मानस महायज्ञ 12 से 15 दिसंबर तक माण्डव्य ऋषि आश्रम बाबा कुट्टी में ब्रह्मलीन सिया भुनेश्वरी शरण व्यासजी महराज एवं श्याम सुन्दर शरण मौनी महाराज के सूक्ष्म सानिध्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें यज्ञ कर्ता महामंडलेश्वर महंत गोवर्धन शरण महराज सिरकटी आश्रम के कर कमलों से सम्पन्न होगा। आचार्य पंडित सुशील तिवारी के द्वारा भव्य कलश यात्र निकाली गई और सभी देवी–देवता की पूजापाठ करके यज्ञ प्रारंभ किया गया। सुबह 7 बजे से हवन पूजन, रामायण पाठ एवं 12 बजे तक यज्ञ भगवान की आरती और कथा प्रवचन एवं कीर्तन 1 बजे से संध्या तक रहेगा। महायज्ञ मे साधु संतों का अखाड़ा पहुंच भी शामिल होंगे।पूजा पाठ में 12 जोड़ी जजमान एवं जजमानी हवन पाठ में हवन डालेंगे।

### हायर सेकंडरी स्कूल मामले की निष्पक्ष जांच हो : जनक

**मैनपुर।** मैनपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल मामले पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रव ने कहा की यह बेहद



गंभीर मामला है। छात्र-छात्राओं द्वारा जिन शिक्षकों के ऊपर आरोप लगाया गया है। उन्हे तत्काल हटाया जाए और मामले के निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई किया जाए। श्री ध्रुव ने कहा की माता पिता अपने बच्चों को स्कूल पढ़ाने के लिए भेजते है और स्कूल शिक्षा का मंदिर है ऐसे पवित्र स्थान में इस तरह के जो बात सामने आई है वह बेहद गंभीर मामला है।

### प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी त्रिमूर्ति भवन में गीता पर गोष्ठी आज

**नवापारा–राजिम।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी त्रिमुर्ति भवन में 13 दिसंबर को शाम 5 बजे गीता जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। मुख्य वक्ता जोधपुर राजस्थान के महामंडलेश्वर अक्रिय महाराज व महाराष्ट बांबे के प्रेमानंद और ब्रम्हकुमार नारायण भाई होंगे। सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रम्हाकुमारी पुष्पा दीदी ने गीता जयंती कार्यक्रम में शहरवासियो को शामिल होने के लिए आग्रह की है।





### राजिम में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**राजिम।** पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन 13 दिसंबर को होगा। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंग साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के विफलता को लेकर यह धरना प्रदर्शन दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित किया जा रहा है। श्री साहू ने बताया कि इस आशय का ज्ञापन उन्होने राजिम एसडीएम को दिया है।

---

**कार्रवाई :** शिक्षकों पर गंभीर आरोपों की जांच जारी, टीम दूसरे दिन भी मैनपुर में

# छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में मचा बवाल, अतिथि शिक्षक बर्खास्त, अफसरों की टीम की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कुछ शिक्षको पर छात्र-छात्राओं द्वारा कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं जिसके बाद गरियाबंद कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय जांच टीम गठीत कर जांच के लिए भेजा गया।

■ पीड़ित छात्र के पिता ने कहा बार–बार बयान लेकर क्यों किया जा रहा है परेशान

स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद एके साश्वत के उपस्थिति में जांच टीम द्वारा 11 दिसंबर को सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक लगभग 30 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से बयान लिया गया लेकिन आज दूसरे दिन फिर गुरूवार को एक बार जिला स्तर के जांच टीम मैनपुर पहुंची इसकी जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय के आसपास देखा गया। मिली जानकारी के अनुसार जांच टीम द्वारा आज फिर एक बार बयान लेने के लिए पीड़ित छात्राओं एवं उनके पालकों को बीईओ कार्यालय बुलाया गया। जिस पर पीड़ित छात्र के एक पालक ने जांच टीम के सामने जमकर नाराजगीय जाहिर करते हुए कहा बार–बार क्यों बयान लेकर परेशान किया जा रहा है जब कल सार्वजनिक तौर से सभी अधिकारियों के सामने बयान दिया जा चूका है तो फिर दूसरा बार बयान के लिए बुलाया गया है। बीईओ कार्यालय जांच टीम से मुलाकात कर बाहर निकले पीड़ित छात्र के पिता ने बताया हम लोग खेती किसानी वाले लोग है और कल दिन भर बयान देने के नाम से स्कूल में बुलाया गया था आज फिर दूसरा दिन बीईओ कार्यालय बुलाया गया है जो पूरी तरह गलत है क्योकि कल पालक समिति के सामने सार्वजानिक तौर से बयान दे चूके है। हम अपने बच्चे को स्कूल पढ़ाई के लिए भेजते हैं लेकिन शिक्षकों के आपसी तालमेल का खमियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है। उन्होने कहा की इस मामले में कार्रवाई किया जाय।

## एसडीएम कार्यालय घेराव करने जा रहे छात्र नेताओं को पुलिस ने रोका, हुई धक्का- मुक्की







**मैनपुर।** जिले के मैनपुर स्थित हायर सेण्डरी स्कूल में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ कुछ शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा अभद्र व्यवहार की शिकायत गरियाबंद कलेक्टर से तीन दिन पहले छात्र- छात्राओं द्वारा किया गया था इसके बाद से मैनपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल मे लगातार गहमा गहमी की स्थिति बनी हुई है। स्कूली बच्चों के पालक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं साथ ही उनमें भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस मामले को लेकर अबतक ठोस कार्रवाई नहीं होने पर गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गरियाबंद जिला संयोजक रंजन यादव एवं पूर्व नगर मंत्री क्षितिज नारायण तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र- छात्राओं ने हरदीभाठा से रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय ज्ञापन सौंपने जा रहे थे कि उन्हे मैनपुर के अंतिम छोर हरदीभाठा तालाब के पास पुलिस द्वारा रोक दिया गया। जिससे छात्र नेताओं एवं कार्यकर्ताओ ने पुलिस एवं प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दिया एक घंटा तालाब के पास रोके जाने के बाद उन्हे आगे जाने दिया तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने हायर सेकेण्डरी स्कूल के सामने जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान पुलिस ने बेरिकेट लगाकर कार्यकर्ताओ को स्कूल परिसर के भीतर घुसने नहीं दिया तो कार्यकर्ताओ ने गेट पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान पुलिस और एबीवीपी कार्यकर्ताओं के बीच भारी धक्का मुक्की हुई। छात्र नेताओं ने स्कूल पीड़ित छात्राओं से चर्चा करना चाह रहे थे लेकिन उन्हे रोका गया तो एसडीएम को ज्ञापन सौंपने कार्यकर्ता रैली की शक्ल में आगे बढ़े तो फिर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने रोक दिया गया। जिस पर कार्यकर्ता सड़क मे बैठकर नारेबाजी करने लगे तब तक मैनपुर एसडीएम पंकज डाहिरे, तहसीलदार जीएल साहू, थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा, बीईओ महेश पटेल, बीआरसीसी शिव कुमार नागे, प्राचार्य माधुरी नागेश भी पहुंचे और छात्र नेताओ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है साथ ही कार्यवाही नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। छात्र- छात्राओं के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से विमल नेगी, गुलशन साहू, जितेन्द्र साहू, लितेश नेगी, कृष्णकांत वैष्णव, युवराज यादव, मानव सिन्हा, लिकेश नागेश, देवचरण, शिवा वैष्णव, प्रकाश सिन्हा, हिमेश निधी, निरंजन सिन्हा, गिरीश मांझी, लोकेश मांझी, गौरीशंकर नेताम, विनीत यादव, डागेश्वर नेताम, सुरज कुमार, हर्ष कुमार, पप्पु पटेल, देव वासनिक सहित बड़ी संख्या मे छात्र नेता उपस्थित थे।




**दूसरे दिन जांच टीम पहुंचने से दिन भर गहमा–गहमी–** मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मामले काफी गरमाते नजर आ रहा है धीरे-धीरे पालकों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। पूरे नगर और क्षेत्र में इन दिनों सिर्फ जगह-जगह इसी मामले का चर्चा चल रहा है और आज दूसरे दिन फिर जांच टीम पहुंचने से दिन भर बीईओ कार्यालय के सामने भारी गहमा–गहमी देखने को मिली। जहां एक ओर पालक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस भाजपा के नेता भी इस पूरे मामले में अपने निगाहे बनाए रखे हुए हैं।


**कार्रवाई की गई–** जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद एके साश्वत ने बताया कि आज दूसरे दिन जिला स्तर के जांच टीम फिर मैनपुर पहुंची थी कुछ बयान कल बाकी रह गया था उन्होने बताया कि प्रतिवेदन रिपोर्ट तैयार करने के बाद बेड टच के आरोपी अतिथि शिक्षक महेश कुमार साहू को बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही संबंधित शिक्षक के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करने के लिए पत्र दे दिया गया। उन्होने आगे बताया पूरे मामले में गंभीरता से जांच चल रही है आगे और कार्यवाही होगी।

---

## मौसम साफ होते ही अंचलों में बढ़ी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में मौसम साफ होते ही अब ठंड में बढ़ोतरी होने लगी है। बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में बदली छाई हुई थी, जिससे ठंड न के बराबर थी। मौसम साफ होते ही न्यूनतम तापमान में लगभग पांच डिग्री तक गिरावट हुई है। अब आउटर क्षेत्रों में ठंडी और शुष्क हवाओ की वजह से ठिठुरन की अहसास होने लगी है। साथ ही ओस की बूंदें भी जमने लगी है। वहीं दूसरी ओर अंचल में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। क्षेत्र में ठंडी और शुष्क हवाओ ने अपना असर दिखना शुरू कर दिया है। घना कोहरा और उस



ओस की बूंदें भी जमने लगी है। अब गर्म कपड़े और अलाव ही सहारा बना हुआ है। मौसम साफ होते ही तापमान नीचे की ओर लुढ़कता जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। ठंड के सीजन में ▶▶|शेष पेज 14 पर

---

मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे पर घटी घटना

## पिकअप से टकराई बाइक एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्यमार्ग में बुधवार देर शाम 7.00 बजे के आसपास मोटर सायकल पीकप से टकरा गया जिससे घटना स्थल पर मोटर सायकल सवार एक की मौत हो गई। वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे संजीवनी एक्सप्रेस 108 के माध्यम से जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार देर शाम 7.00 बजे के आसपास मैनपुर से लगभग 17 किलो मीटर दूर नेशनल हाईवे 130 सी मुख्यमार्ग



मैनपुर गरियाबंद मार्ग में भैसामुड़ा मोड़ के पास मोटर सायकल में सवार होकर तीन लोग मैनपुर के तरफ आ रहे थे और मैनपुर के तरफ से गरियाबंद के तरफ पीकप क्रमांक सीजी 04 पी एक्स 3580 से मोटर सायकल ▶▶|शेष पेज 14 पर



---

## राधा-कृष्ण मंदिर में 15 से श्रीमद् गीता पर प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नवापारा-राजिम के तत्वावधान में रामायण, महाभारत एवं श्रीमदभागवत गीता पर आधारित सप्त दिवसीय श्रीमद भगवत गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्रीराधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। 15 दिसम्बर से 21 दिसंबर तक आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद भगवत गीता के गूढ़ रहस्यों का विवेचनात्मक दिव्य ज्ञानदर्शन कराने कथावाचक योगशक्ति राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भारती दीदी का नवापारा में आगमन हो रहा है। ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र त्रिमूर्ति भवन से मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने बताया कि 15 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे कथावाचक योगशक्ति ब्रह्माकुमारी भारती दीदी का स्वागत एवं शोभायात्रा के साथ रैली निकलेगी, जो यज्ञ ▶▶|शेष पेज 14 पर





---

108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के हुआ भूमिपूजन

## धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए किया जाएगा हर संभव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए गांधी मैदान में गुरुवार को भव्य भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। भूमि पूजन के साथ ही इस महायज्ञ से जुड़े कार्यों की औपचारिक शुरुआत हो गई। भूमि पूजन को ऋषि परंपरा में विशेष महत्व दिया गया है। इसे भूमि पर किए गए पुराने कर्मों के दोषों का परिमार्जन कर उसे पवित्र और यज्ञ के अनुकूल बनाने की प्रक्रिया माना जाता है। इस आयोजन में देवीय गुणों का बीजारोपण किया गया, जिसके बाद यज्ञ की तैयारियों का कार्य शुरू हो गया। कार्यक्रम में

■ अमितेश शुक्ल ने दिए 51 हजार रुपए का दान






छत्तीसगढ़ जोन समन्वयक आदर्श वर्मा, शांतिकुंज प्रतिनिधि सुखदेव निर्मलकर, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल और जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

**आयोजनों से समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है–** भूमि पूजन के अवसर पर शांतिकुंज प्रतिनिधि सुखदेव निर्मलकर ने



कहा कि गायत्री परिवार का उद्देश्य केवल हवन और पूजन तक सीमित नहीं है, बल्कि मनुष्य में सद्गुणों का विकास कर धरती पर स्वर्ग का अवतरण करना है। उन्होंने कहा कि यह संगठन जाति, धर्म, लिंग और भाषा से ऊपर उठकर सभी के लिए सन्मार्ग के द्वार खोलता है। छत्तीसगढ़ जोन समन्वयक आदर्श वर्मा ने बताया कि यह यज्ञ सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना से प्रेरित है और इसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान देना चाहिए। पूर्व ▶▶|शेष पेज 14 पर


बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम

बोर खनन के लिए संपर्क करें-
बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है। बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542



पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# छत्तीसगढ़ महाविद्यालय पहुंची नैक, पुरानी पद्धति से मूल्यांकन कराने वाला यह अंतिम कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में नैक टीम का दौरा बुधवार से प्रारंभ हो गया। दो दिवसीय दौरे के बाद नैक टीम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को नवीन ग्रेडिंग प्रदान करेगी। यदि निर्धारित समय पर नैक मूल्यांकन का नया सिस्टम लागू हो जाता है, तो यह जिले का अंतिम कॉलेज होगा, जिसे पुरानी पद्धति से नैक ग्रेडिंग दी जा रही है। अब तक नैक मूल्यांकन के लिए तीन सदस्यीय टीम महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालयों में निरीक्षण के लिए आती रही है। उनके द्वारा दिए जाने वाले अंकों के आधार पर ही संबंधित संस्थान की नैक ग्रेडिंग तय होती है।

- नैक मूल्यांकन के नए कॉन्सेप्ट में टीम का दौरा खत्म

नए नियम में निरीक्षण संबंधित इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। इसके स्थान पर शैक्षणिक संस्थानों को अपनी सभी उपलब्धियां और उसके सत्यापन संबंधित दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। ऑनलाइन दी जाने वाली इस जानकारी के आधार पर ही संस्थानों की नैक रैंकिंग तय होगी। छग महाविद्यालय में नैक टीम का दौरा नवंबर माह में होना था, लेकिन विधानसभा उपचुनाव की तिथियों को देखते हुए इसे स्थगित किया गया था। बाद में नवंबर अंत की अस्थायी तारीख दी गई थी। इसे भी रद्द करते हुए दिसंबर का समय तय किया गया।

## अब केवल ऑनलाइन सब्मिट की गई रिपोर्ट के आधार पर मिलेंगे अंक

### दुर्गा महाविद्यालय कतार में

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में महंत महाविद्यालय में नैक टीम निरीक्षण के लिए आई थी। महाविद्यालय को बी ग्रेड प्रदान किया गया था। शहर के बड़े महाविद्यालयों में दुर्गा कॉलेज की भी नैक ग्रेडिंग दिसंबर के पूर्व होनी थी। सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट जमा करने में हुए विलंब के कारण यहां नैक टीम अब तक नहीं की सकी है। अंदरूनी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यहां नए पैटर्न से नैक मूल्यांकन कराए जाने की संभावना है।




### पखवाड़े भर पहले बदले गए प्राचार्य

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.अमिताभ बनर्जी का तबादला करते हुए उन्हें साइंस कॉलेज का प्रभार कुछ दिनों पूर्व ही दिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नैक मूल्यांकन के कुछ दिन पूर्व ही इस बड़े बदलाव का असर महाविद्यालय के प्रस्तुतिकरण पर भी पड़ सकता है। नैक निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय द्वारा प्रेजेंटेशन दिया जाता है। पूर्व प्राचार्य द्वारा कोरोना काल से ही नैक ग्रेडिंग की तैयारी शुरू कर दी गई थी। लॉ कोर्स, लाइब्रेरी अपग्रेडेशन, मल्टीपल सब्जेक्ट च्वॉइस सहित कई बदलाव इस दौरान महाविद्यालय में किए गए। इसका लाभ महाविद्यालय को ग्रेडिंग में मिल सकता है। वर्तमान में महाविद्यालय के पास बी ग्रेडिंग है।

## खबर संक्षेप




### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, रोक लगाने शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे गुट छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर के गांधी मैदान से हिंदुओं पर अत्याचार बंद हो, बंद हो आदि नारों के साथ रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित कार्यवाही की मांग की गई। इस मौके पर शिवसेना के प्रदेश प्रवक्ता संजय नाग ने बताया कि पूरे प्रदेश के शिवसैनिकों ने संबंधित जिले के कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिस पर कलेक्टर ने प्रधानमंत्री को तुरंत फारवर्ड करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में सुनील कुकरेजा, एचएन सिंह पालीवार, संजय नाग, बल्लू जांगड़े, समीर पाल, संतोष मार्कंडेय, विजय नाग, दुर्गेश शर्मा, सुरेश तिवारी, शिव लिमजे, प्रमोद साहू, हरीश यादव आदि शामिल थे।

### सुशांत बने कालीबाड़ी समिति के उपाध्यक्ष

**रायपुर।** बंगाली कालीबाड़ी समिति के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर समाजसेवी सुशांत बोस का बुधवार को भाजपा नेता राजकुमार राठी, किशोर नायक, सुब्रत घोष, उमेश मालेवर, भंवरलाल सेन, राजेश जीवनणी द्वारा आतिशबाजी कर फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

### भूगोल प्रायोगिक के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 19 को

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की सत्र 2024-25 की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत भूगोल विषय के बीए एवं बी-कॉम प्रथम सेमेस्टर की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 19 दिसंबर को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। यह जानकारी दुर्गा महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष ने देते हुए बताया कि सभी विद्यार्थी समय में आकर इस परीक्षा में शामिल होंगे।

### संपत्ति विरूपण करने पर जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 7 नगर निवेश टीम ने बुधवार को कोटा मार्ग में क्रेस्ट ग्रीन के पास शासकीय संपत्ति का विरूपण करने पर श्रीराम सेवा सदन गर्ल्स हॉस्टल महोबा बाजार के संचालक को नोटिस देते हुए 10 हजार रूपये का जुर्माना किया है। विद्युत पोल में प्रचार संबंधी विज्ञापन लगाए जाने पर जोन की टीम ने नियम अनुसार जुर्माना किया।

### शिव महापुराण कथा 24 से कथास्थल का लिया जायजा

**रायपुर।** सेजबहार में 24 दिसंबर को श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इसमें कथावाचक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा होंगे। कथास्थल का जायजा आयोजक मंडल के साथ ही पुलिस प्रशासन की टीम ने लिया। लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के लिए आयोजक मंडल द्वारा लगातार तैयारी की जा रही है। फिलहाल कथास्थल को समतल कराया जा रहा है। इस संबंध में आयोजक मंडल के प्रमुख कमल देवांगन और देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने पूरा देवांगन समाज एकजुट होकर कार्य करेगा। पुलिस प्रशासन और आयोजक मंडल के पदाधिकारी तथा सदस्यों द्वारा निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के अलग-अलग बिंदुओं पर चर्चा हुई। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था कैसी रहेगी, कहां-कहां पर सुरक्षा टीम लगाई जाएगी, इस संबंध में भी विमर्श किया गया।

### ग्रामीण ने पेड़ में फांसी लगाकर दी जान

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ थाना अन्तर्गत ग्राम कोसमी में सुरेश कुम्हार पिता रामसिंह उम्र 40 वर्ष ने बुधवार देर रात फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। थाना बिन्द्रानवागढ़ से मिली जानकारी के अनुसार सुरेश कुमार प्रतिदिन शराब पीकर घर आकर गाली–गलौच करता था कल भी शराब पीकर आया था और आज सुबह उसके शव पेड़ में फांसी में लटकते हुए मिला पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा कर पोस्टमार्डम के लिए भेजा गया।

## सरकारी कोटे से दाखिला दिलाने का झांसा देकर की ठगी

# मेडिकल कालेज में दाखिला दिलाने के नाम पर 35 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवेंद्र नगर थाना में धमतरी के एक युवक ने मेडिकल कालेज में सरकारी कोटे से दाखिला दिलाने का झांसा देकर दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ के चार लोगों के खिलाफ 35 लाख रुपए ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ठगी के शिकार छात्र ने पुलिस को बताया है कि जांजगीर-चांपा के जालसाज ने दो साल झांसे में लेने के बाद दिल्ली के दो तथा एक अन्य के साथ मिलकर उसे ठगी का शिकार बनाया।

- दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ के चार जालसाजों के खिलाफ अपराध दर्ज

सूर्यकांत प्रजापति ने पुलिस को बताया है कि वह वर्ष 2016 में भिलाई स्थित सचदेवा कोचिंग में कोचिंग करने गया था। इस दौरान सूर्यकांत की मुलाकात जांजगीर-चांपा निवासी सलामुद्दीन शेख से हुई। सलामुद्दीन ने सूर्यकांत को वर्ष 2017 में अपने पहचान वालों की मदद से मेडिकल कालेज में दाखिला दिलाने का झांसा दिया। सलामुद्दीन की बात का सूर्यकांत ने ध्यान नहीं दिया। वर्ष 2018 में सलामुद्दीन ने सूर्यकांत को सरकारी कोटे से मेडिकल कालेज में दाखिला दिलाने का झांसा दिया। इस पर सूर्यकांत झांसे में आ गया। झांसे में लेने के बाद सलामुद्दीन सूर्यकांत तथा उसके अन्य साथियों को अन्य से मिलवाने अपने साथ दिल्ली ले गया।



### परीक्षा फर्जीवाड़ा गैंग के जाल में फंसा छात्र

सूर्यकांत ने पुलिस को बताया है कि वर्ष 2020 में सलामुद्दीन ने उसे पंच लाख रुपए देने पर मेडिकल में दाखिला दिलाने का झांसा दिया। इस पर सूर्यकांत ने सलामुद्दीन के अकाउंट में पैसा ट्रांसफर किया। रकम ट्रांसफर होने के बाद सलामुद्दीन ने सूर्यकांत से उसके दस्तावेज हासिल कर कहा कि परीक्षा में उसकी जगह कोई दूसरा छात्र बैठेगा। नीट का परिणाम जारी होने पर सलामुद्दीन ने सूर्यकांत को 560 रैंक आने की जानकारी दी।

### फर्जीवाड़ा गैंग ने 30 लाख रुपए मांगे

सूर्यकांत के अनुसार दिल्ली ले जाने के बाद सलामुद्दीन ने उसकी तथा उसके साथ गए अन्य लड़कों की पहचान अपने सीनियर भिलाई निवासी राघवेंद्र से करवाई। राघवेंद्र ने चारों छात्रों की मुलाकात दिल्ली के अपने सीनियर अनिश जैन तथा मुकुल जैन से कराई। अनिश तथा मुकुल ने चारों छात्रों को पूर्ण एडमिशन दिलाने के एवज में 30 लाख रुपए मांगे। रकम ज्यादा होने पर छात्र लौट आए।

### एडमिशन पाने कर्ज लेकर पैसे जुटाए

सूर्यकांत के अनुसार पूर्व में रकम देने के बाद सलामुद्दीन ने उसे राघवेंद्र तथा अन्य को पुलिस द्वारा ट्रैप किए जाने की जानकारी दी। वर्ष 2022 में सलामुद्दीन ने सूर्यकांत को पुनः भिलाई बुलाया। इसके बाद सलामुद्दीन ने सूर्यकांत की राघवेंद्र से पुनः मुलाकात करवाई। मुलाकात के बाद राघवेंद्र ने पुराने पैसों की वापसी का झांसा देकर नए सिरे से सूर्यकांत को मेडिकल में दाखिला दिलाने का झांसा देकर पैसों की मांग की। पिता के विरोध के बाद भी सूर्यकांत पैसे देने पर अड़ा रहा, तो उसके पिता ने अपने परिचितों से कर्ज लेकर पैसों की व्यवस्था कर जालसाजों को दे दिया। झांसा में लेने के लिए सलामुद्दीन ने सूर्यकांत के साथ पूर्व में मिलने आए छात्रों के साथ बात कराई। छात्रों ने सलामुद्दीन द्वारा उनके मेडिकल में दाखिला कराने की जानकारी दी। इसी झांसे में आकर सूर्यरकांत दूसरी बार ठगी का शिकार हुआ।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर 30 करोड़ की जमीन का तीन करोड़ में सौदा

- प्रिंटिंग प्रेस संचालक ने महिला को नकली भू स्वामी बनाने, दस्तावेज तैयार करने पैसों का दिया लालच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चंदनीडीह स्थित 30 करोड़ रुपए कीमत की चार एकड़ जमीन का तीन करोड़ रुपए में सौदा कर 10 लाख रुपए ठगी करने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने एक प्रिंटिंग प्रेस संचालक को फर्जी दस्तावेज तैयार करने तथा एक महिला को नकली भू-स्वामी बनने पैसों का लालच देकर अपने झांसे में लिया। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है।

- रायपुर, बिलासपुर, गरियबांद से नौ लोगों को पुलिस ने ठगी के आरोप में किया गिरफ्तार

बिलासपुर निवासी गणेश बोले ने पुलिस को बताया है कि बिलासपुर के रहने वाले रूपेश धनकर उर्फ राजा सिंह ने उससे संपर्क कर रायपुर चंदनीडीह में बेशकीमती जमीन कौड़ियों के मोल पर बिकने का झांसा दिया। इसके बाद उसने कथित जमीन मालिक मंजू देवी अग्रवाल से मुलाकात करवाकर जमीन का तीन करोड़ रुपए में सौदा किया। जमीन का सौदा होने के बाद पांच लाख रुपए बयाना लिया। बयाने की रकम को रूपेश, फर्जी जमीन मालिक चेतना ठाकुर तथा प्रकाश यादव ने आपस में बांट लिया।

### शातिराना अंदाज में की ठगी

पुलिस के अनुसार गरियाबंद निवासी हरिशंकर सिन्हा, अमन वर्मा उर्फ किशोर देवांगन ने चेतना ठाकुर को नकली भू-स्वामी बनने पैसों का लालच दिया। इसके बाद गरियबंद के प्रिंटिंग प्रेस संचालक अमित कुमार राकेश कंसारी के साथ मिलकर अपने प्रेस में फर्जी दस्तावेज तैयार कर पट्टा में मूल भू-स्वामी की जगह चेतना ठाकुर को भू-स्वामी बनाया। जालसाजों ने चेतना के नाम से फर्जी पैन कार्ड, किसान पत्र के साथ आधार सहित फर्जी बैंक अकाउंट तक बना डाले।

### फर्जीवाड़ा के पहले इन लोगों ने ओरिजनल दस्तावेज की कॉपी जुटाई

अमलीडीह निवासी अरुण कुमार सरोज ने तेलीबांधा निवासी नरेंद्र राजपूत के साथ मिलकर मंजू देवी से संपर्क कर उनकी जमीन संबंधित दस्तावेज हासिल कर भूमि के बारे में जानकारी एकत्रित की। जानकारी एकत्रित करने के बाद अमित को फर्जी दस्तावेज तैयार करने जानकारी उपलब्ध कराई। जालसाजों ने गणेश से पांच लाख रुपए अपने अकाउंट में आरटीजीएस भी कराए थे। इस तरह जालसाजों ने शातिराना अंदाज में जमीन बिक्री करने के नाम पर 10 लाख की ठगी की।

# राइस मिलों में नाबालिगों से कराया जा रहा था श्रम, 9 रेस्क्यू किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र में संचालित 3 राइस मिलों से 9 नाबालिगों को रेस्क्यू किया गया है। इनमें 7 बालक एवं 2 बालिका शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास अंतर्गत गठित जिला बाल संरक्षण इकाई, राजस्व विभाग, श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को कई राइस मिलों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को 3 राइस मिल आरके राइस टेक प्राइवेट लिमिटेड, ग्रो एग्रो फूड्स एवं अंबिका राइस मिल में बालक श्रम करते मिले। इस पर एक्शन लेते हुए टीम ने मिलों के संचालकों के विरुद्ध बालश्रम अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए सभी बाल श्रमिकों को रेस्क्यू करते हुए उन्हें बाल आश्रम एवं खुला आश्रय गृह भेजा।

- बाल संरक्षण इकाई, राजस्व श्रम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई



### सूचना पर संयुक्त टीम गठित कर किया निरीक्षण

महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचना मिली थी कि विधानसभा थाना क्षेत्र में संचालित कुछ राइस मिलों में बालकों से श्रम कराया जा रहा है। इस सूचना पर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के साथ राजस्व विभाग, श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने राइस मिलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आरके राइस टेक प्राइवेट लिमिटेड में 1 बालक और 2 बालिका, ग्रो एग्रो फूड्स में 4 बालक एवं अंबिका राइस मिल में 2 बालक श्रम करते पाए गए। इस तरह राइस मिलों में 9 नाबालिग बालश्रम में संलग्न मिले। रेस्क्यू किए गए बच्चों में 2 बालिकाओं को खुला आश्रय गृह में रखा गया है, वहीं बालकों को बाल आश्रम भेजा गया है।

### इसके तहत की जाएगी कार्रवाई

इस मामले में नाबालिगों से श्रम कराने वाले मिलरों के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम 2015, भारतीय न्याय संहिता 2023, बालक एवं कुमार श्रम अधिनियम 1986 संशोधित 2016 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध करने की तैयारी की जा रही है।

### 9 बच्चों को किया गया रेस्क्यू

3 राइस मिलों में निरीक्षण के दौरान 9 बच्चों को रेस्क्यू किया है। इन सभी बच्चों से मिलों में श्रम कराया जा रहा था। रेस्क्यू कर बच्चों को आश्रम भेजा गया है, वहीं मिलरों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई करने की प्रक्रिया की जा रही है। *- संजय निराला*

*संरक्षण अधिकारी, गैर संस्थागत देखरेख*

# हसदेव एक्सप्रेस में युवक ने लगाई फांसी, चार दिनों से था लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से कोरबा जाने वाली हसदेव एक्सप्रेस में नागपुर सुदर्शन नगर के 24 वर्षीय यश रोशन नन्हेत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दुर्ग से ट्रेन जब धुलाई के बाद रायपुर के प्लेटफार्म नंबर 3 पर पहुंची, तब सफाई कर्मचारी ने जनरल कोच की सीट पर युवक का लटका हुआ शव देखा। इसके बाद तत्काल जीआरपी और आरपीएफ को इसकी जानकारी दी गई। दूसरी ओर ट्रेन में आत्महत्या की खबर मिलने पर स्टेशन में हड़कंप मच गया। हसदेव में सफर करने वाले यात्री भी उस कोच में सफर करने से दूरी बनाने लगे। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मुताबिक ट्रेन जब दुर्ग से रायपुर के लिए रवाना हुई, उसी बीच युवक ट्रेन में चढ़ गया था। दोनों तरफ का दरवाजा बंद कर सीट पर कपड़े से फांसी का फंदा बनकर आत्महत्या कर ली। युवक ट्रेन में कब और कैसे चढ़ा, इसकी जांच करने दुर्ग जीआरपी भी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। यह पूरी घटना शाम 4 बजे की बताई जा रही है।

- ट्रेन के जनरल कोच की सीट पर मिला युवक का लटका हुआ शव



### चार दिनों से घर नहीं पहुंचा था युवक

युवक की पहचान पर्स में रखे जरूरी कार्ड से हुई है। घटना के बाद जीआरपी युवक के मामा को आत्महत्या की जानकारी दे चुकी है। जीआरपी के मुताबिक युवक के मामा ने बताया कि यश बीते चार दिनों से घर नहीं पहुंचा है, जिसकी खोज घर वाले भी नागपुर में कर रहे थे। जानकारी के बाद मृतक के घर वाले रायपुर के लिए निकल चुके हैं, जिसके बाद आत्महत्या की मुख्य वजह पता चलेगी। बता दें कि मृतक प्राइवेट जॉब करता था। जीआरपी हर पहलू पर इसकी जांच शुरू कर चुकी है।

# भक्तिन माता राजिम की जयंती पर निकलेगी भव्य बाइक रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साहू समाज की आराध्य देवी भक्तिन माता राजिम की जयंती 7 जनवरी को धूमधाम से मनाई जाएगी। साहू समाज के लोग जयंती के एक दिन पहले रायपुर से राजिम तक भव्य बाइक रैली निकाली। यह रैली तेलघानी नाका चौक से प्रारंभ होगी, जो राजिम में समाप्त होगी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने बताया कि भक्तिन माता राजिम की जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए बुधवार को रायपुर के भामाशाह छात्रावास में बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में राजिम जयंती के एक दिन पहले आयोजित होने वाले बाईक रैली को लेकर चर्चा हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। पवन साहू ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम जयंती के अवसर पर भव्य बाइक रैली युवा प्रकोष्ठ निकालेगा। यह रैली तेलघानी नाका चौक से प्रारंभ होकर राजिम में समाप्त होगी। इस रैली में प्रकोष्ठ से जुड़े प्रदेशभर से युवा कार्यकर्ता शामिल होंगे।

बैठक के माध्यम से पवन साहू ने प्रदेश के सभी साहू समाज के लोगों से राजिम जयंती के दिन अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की, जिसे पदाधिकारियों ने समर्थन दिया है।

## तालाब और नहर किनारे जमीन वालों से भरवाया जा रहा पीएम आवास 2.0 का फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस पार्षद दल के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से मुलाकात की। कांग्रेसी पार्षदों ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में अपात्र लोगों से फार्म भरवाया जा रहा है। ऐसे लोग जिनकी तालाब व नहर किनारे जमीन है, उनसे फार्म भरवाया जा रहा है, जबकि नियम के तहत ऐसी जमीन पर किसी भी तरह के निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती। कांग्रेस पार्षद दल ने जिला कलेक्टर से कहा कि जिनके पास पट्टा नही है, ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास उपलब्ध कराने धड़ल्ले से नियम विपरीत जाकर फार्म भरवाने में जन प्रतिनिधि लगे हुए हैं। जिनका पट्टा वैध है, उन्हें आवास बनाने की अनुमति देने में कोई आपत्ति नहीं है। पार्षदों ने कहा कि जाति प्रमाणपत्र बनाने में भी अड़ंगा लगाया जा रहा है, जिससे आवेदक परेशान हो रहे हैं। महापौर एजाज ढेबर, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सभापति प्रमोद दुबे ने कहा अमलीडीह में जमीन प्रकरण गरमाया हुआ है। उल्टे आरोप यह लगाया जा रहा है कि अमलीडीह की जमीन कांग्रेस की सरकार ने दी थी।

## पेज 13 के शेष...

### मौसम साफ होते...

पहली बार मंगलवार से शीतलहर जैसा एहसास हो रहा है। सूर्योदय से सूर्यास्त तक हवा में एक जैसा ठंडापन हो रहें हैं। फेगल तूफान का असर खत्म होने से ये नौबत फेगल तूफान की वजह से छाए बादलों का असर खत्म हो चुका है, हवा की दिशा भी उत्तर पूर्वी हो गई है इस वजह से ठंड अपने रास्ते पर आ गई है। सोमवार रात भर से ही मौसम सर्द होने लगा था। मंगलवार की सुबह होने के साथ ही ठंड के तीखे तेवर महसूस होने लगे। दोपहर की धूप भी हवा के आगे निस्तेज हो गई थी। रात को हल्का कोहरा भी नजर आने लगा है। ठंड बढ़ने से सर्दी, खांसी के मरीज बढ़े और लोगों के दिनचर्या भी प्रभावित हुआ है।

### पिकअप से टकराई...

टकरा गया जिससे एक युवक रमेन्द्र नेताम 35 वर्श की घटना स्थल पर मौत होने की जानकारी मिली है। वहीं मोटर सायकल में सवार पीला राम नेताम पिता बरतुराम नेताम उम्र 40 वर्ष एवं बालाराम नेताम पिता शोभा सिंह नेताम उम्र 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए जिसका इलाज जिला अस्पताल गरियाबंद में किया जा रहा है। उक्त जानकारी नवागढ़ थाना प्रभारी हिमांचल ध्रुव ने दी है।

### राधा-कृष्ण मंदिर...

स्थल श्रीराधाकृष्ण मंदिर प्रांगण पहुंचेगी, जहां वेदीपूजा के साथ व्यासगद्दी पर कथावाचक का सम्मान किया जायेगा। पश्चात,प्रथम दिवस आधुनिक महाभारत काल मे कौरव व पांडवों के परिचय के साथ श्रीमदभागवत गीता के रहस्योद्घाटन योगशक्ति भारती करेंगी। वहीं महाभारत में वर्णित युद्ध हिंसक था या अहिंसक, गीता ज्ञान दाता का परिचय एवं विराट रूप का साक्षात्कार, महाविनाश के पहले स्वयं की अवस्था को शाक्तिशाली बनाने की विधि, समय की पुकार, आत्मशुद्धि करण, ज्ञान यज्ञ द्वारा स्वयं संसार का शुद्धिकरण एवं स्वर्णिम युग का आह्वान कैसे करें इत्यादि विषयों पर श्रीमद भगवतगीता के आधार पर जीवन के समस्याओं का समाधान एवं खुशियों से भरी जीवन जीने की सहज विधि बतायेंगी। निदेशिका पुष्पा ने बताया कि आध्यात्मिकता और विश्वकल्याण की भावना से अंतर्निहित राजयोगिनी भारती दीदी उच्चशिक्षा ग्रहण करने के बाद विगत 20 वर्षों से मानव समाज के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिए। उन्होंने मानव के व्यकित्व एवं आध्यात्मिक विकास के लिए शास्त्रो के अंदर जो गुह्य रहस्य समाया है उन्हें सहज रूप से प्रस्तुत कर मानव जीवन को सुखद बनाने के लिए सप्तदिवसीय कार्यक्रम बनाया जिसमें लाखों लोग लाभान्वित हुए। साथ ही आपने डायबिटीज, हृदय व अन्य रोगों से पीड़ित लोगों के स्वस्थ तन व मन के लिए म्यूजिकल एक्सरसाइज मेडिटेशन, जिन्दगी बने आसान शिविर कराये। आपने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश उत्तराखंड, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, राजस्थान के अनेक स्थानों गीताज्ञान के कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया एवं स्कूल, कॉलेजों एवं अनेक आध्यत्मिक संस्थानों में मनुष्य आत्माओं को सुखी एवं आनंदमई जीवन बनाने के लिए ओजस्वी, प्रेरणा दाई व्याख्यान दिए।

### धर्म और संस्कृति की...

सांसद चंदूलाल साहू ने प्राचीन और आधुनिक शिक्षा पद्धतियों के बीच के अंतर को रेखांकित करते हुए राजनीति में आध्यात्मिकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है। **आयोजन के लिए हरसंभव समर्थन के लिए तैयार हैं-** राजिम विधायक रोहित साहू ने इस आयोजन को पूरे जिले का कार्यक्रम बताते हुए कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आयोजन के प्रति अपने समर्थन का भरोसा दिलाया।

पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल ने गायत्री परिवार और शांतिकुंज के प्रति अपने जुड़ाव को साझा करते हुए महायज्ञ के आयोजन के लिए 51,000 का दान देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनके परिवार का गायत्री परिवार के साथ गहरा नाता रहा है और वे इस आयोजन के हरसंभव समर्थन के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम के अंत में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष गप्फू मेमन ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। आयोजन का संचालन पुरुषोत्तम यादव ने किया। 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के मुख्य आयोजन की तैयारियां अब शुरू हो गई हैं। इस महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है, जो इसे जिले का एक ऐतिहासिक आयोजन बनाएगा।

## खबर संक्षेप



### विधायक इन्द्रकुमार का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**अभनपुर।** देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशिभूषण तिवारी द्वारा विधायक इन्द्रकुमार साहू का उनके कार्यालय में ही जाकर परीक्षण किया गया। विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने एवं आमजनों से इसका अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वस्थ समाज की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम है। अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता, गैर संचारी रोगो के रोकथाम करना है। यह पूरे देशभर में 26 नवंबर से 25 दिसम्बर तक संचालित हो रहा है। आधुनिक जीवन शैली के कारण बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के लिए यह परीक्षण बहुत ही सहायक सिद्ध होगा, आयुर्वेद में बताए गए शरीरिक व मानसिक प्रकृति परीक्षण करके इन समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। इस अभियान में नागरिकों को निशुल्क प्रकृति प्रमाण पत्र मिलेगा जिसे सीधे मोबाईल पर डाउनलोड किया जा सकता है, परीक्षण के बाद नागरिको को उनके लिए उपयुक्त आहार और जीवनशैली का चार्ट दिया जायेगा जिससे व्यक्ति को स्वास्थ्य जीवन जीने के लिए सहायक सिद्ध होगा।

### राजिम में लोक अदालत कल

**राजिम।** व्यवहार न्यायालय राजिम में नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को होगा। इस नेशनल लोक अदालत में पक्षकार और अधिवक्ता न्यायालय में अपने मामलों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण करा सकते हैं। राजीनामा योग्य लंबित मामलों के निराकरण एवं पक्षकारों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इसे आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रधान, जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा एवं जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव रमेश चौहान के मार्गदर्शन में होगी। पक्षकार और अधिवक्ता न्यायालय में आकर अपने मामले की सुनवाई में शामिल हो सकते है। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सिविल वाद प्रकरण, चेक बाउंस से संबंधित मामले, पारिवारिक मामले, प्लीएटिशन प्रकरण एवं राजीनामा योग्य आपराधिक मामलों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

**मुहिम : बाल विवाह मुक्त छग अभियान, छात्रों के बीच जागरुकता कार्यक्रम**

# विद्यार्थियों को बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लगेह के निर्देशन व समीर पांडेय जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्ययोजना अनुसार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में सोमवार को महासमुंद की परियोजना समन्वयक राजेश्वरी साव द्वारा उपस्थित स्कूली छात्र/छात्राओं को चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में उपस्थित गांव की महिलाओं व गांवों के नागरिकों को विस्तार से जानकारी दिया गया तथा पोषण आहार के बारे में बताया गया। तत्पश्चात खिलेश्वरी चक्रधारी जिला मिशन समन्वयक द्वारा हाड़ाबंद के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के स्कूली छात्र-छात्राओं को बाल संरक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया था। उक्त बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी रोकथाम के लिए जिले में लगातार जन-जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 2बी के अनुसार ऐसा विवाह जिसमें वर (जिसकी आयु 21 वर्ष से कम) तथा वधु (जिसकी आयु 18 वर्ष से कम) अवयस्क या बच्चे हो, तब उसे बाल विवाह माना जाएगा। बाल-विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते हैं, जिन्हें विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णतः समाप्त कर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके विकास को प्रभावित करता है। यह विकास को बाधित करने वाली गंभीर समस्या है। जिसके पूर्ण रोकथाम के लिए सामाजिक, कानूनी और आर्थिक स्तर पर लोगों को जागरूक करना एवं इस कुप्रथा से होने वाले दुष्परिणामों को जन-जन को समझाना महत्वपूर्ण है, ताकि इसे प्रभावी तरीके से रोका जा सके और बच्चों का सर्वांगीण विकास कर उन्हें पूर्णतः सुरक्षित रखा जा सके।




18 वर्ष से अधिक आयु का पुरूष, यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी महिला से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा असमें सहायता करता है उसे 2 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा देता है अथवा उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। किसी भी महिला को कारावास का दंड नहीं दिया जा सकता है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए समस्त छात्र/छात्राओं को जागरूक किया गया एवं बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए शपथ भी दिलाई गई।

जिला एवं बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के खेमराज चौधरी ने भी जानकारी दी। तत्पश्चात कीर्ति यदु, केश वर्कर, सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्रमसिंग सिंदर एवं डिगेश्वरी साहू (जेंडर विशेषज्ञ), कुलेश्वर राम ध्रुव एवं चित्रलेखा साहू (वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ), सुनीता देशमुख, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्वसहायता समूह, समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों का विशेष योगदान रहा। इसी तरह मंगलवार को देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र अंतर्गत 10 दिसंबर मानव अधिकार दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर उपस्थित छात्र/छात्राओं को मानव अधिकार दिवस की शपथ दिलाई गई।

# शिक्षक संवर्ग का हित संवर्धन ही सर्व प्राथमिकता है : राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं यशवंत साहू विकासखण्ड अध्यक्ष फिंगेश्वर ने बताया कि सीएम विष्णुदेव साय के प्रशासकीय स्वीकृति से छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन को मान्यता का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। गौरतलब है कि अविभाजित मध्यप्रदेश में 1982 से संगठन के पदाधिकारियों का बोलबाला रहा है। वर्ष 2013 में छत्तीसगढ़ फर्म्स एवं संस्थाऐं से नवीन पंजीयन के बाद से स्कूल/ट्राइबल शिक्षा विभाग एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के शिक्षक संवर्गों के अधिकार का आवाज बुलंद करते रहा है। राज्य शासन के नियम अनुसार प्रतिवर्ष सदस्यों की जानकारी छत्तीसगढ़ सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के धारा-27 में पदाधिकारियों की प्रमाणित सूची तथा ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी धारा-28 प्रस्तुत किया है। छत्तीसगढ़ शासन ने वर्ष 2019 एवं 2022 को मान्यता दिया था। बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों में संगठन का प्रभाव है। शिक्षक संवर्ग के मुद्दों के जानकार एवं समाधान करने वाले अनुभवी पदाधिकारियों का प्रबंधन है। संगठन के सझाव अनुसार पाटन-दुर्ग अधिवेशन में 50 % सीधी भर्ती एवं 50 % पदोन्नति के नियम को संशोधित कर वर्ष 2008 अराजपत्रित सेवा तथा 2009 राजपत्रित सेवा में 100 % पदोन्नति का भर्ती पदोन्नति नियम स्कूल शिक्षा विभाग ने बनाया था। जिसके कारण वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत शिक्षक पदोन्नत हुए थे। तत्समय शिक्षा सचिव नंद कुमार अधिवेशन के मुख्य अतिथि थे। ट्राइबल विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक, कर्मचारियों का परस्पर हस्तांतर, संविलियन का आदेश 9/2/2010 को संगठन के सुझाव अनुसार जारी शिक्षक-कर्मचारी हित में जारी हुआ था। एक विभाग एक भर्ती नियम का अवधारणा संगठन ने सुझाया था। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा द्वारा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 बनाया गया था। तत्समय शिक्षा प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी थे। इसके अलावा राज्य शासन ने शिक्षक संवर्ग हित के मुद्दों पर अनेक निर्णय संगठन के सुझाव पर लिया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला के अध्यक्ष मिश्रीलाल तारक, विकासखण्ड अध्यक्ष यशवंत साहू, जिला कोषाध्यक्ष सोहन सेन, पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र ठाकुर, विकासखण्ड सचिव शोभाराम साहू, सुनीता यादव, अंजनी यादव, आशा ध्रुव, आरडी साहू ने सीएम विष्णुदेव साय धन्यवाद ज्ञापित किया है।



■ प्रदेश शिक्षक संघ को मिली मान्यता

# 20 दिव्यांग बच्चों को हनुमान चालीसा समिति ने दी कंबल

**नवापारा-राजिम।** चंपारण के चंपेश्वर आशियाना में 20 दिव्यांग बच्चों को नवापारा के सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति द्वारा कंबल दिया गया। मालूम हो कि अभी पिछले दो-तीन दिनों से ठंड का कहर कुछ ज्यादा ही है। इस समिति के संस्थापक राजू काबरा को जब पता चला कि चंपारण में 20 दिव्यांग बच्चे ठंड में ठिठुरते हुए रात बिता रहे हैं। उन्होंने तुरंत अपने समिति के अध्यक्ष धरम साहू, उपाध्यक्ष सुमित पंजवानी से कहा कि तुरंत 20 कंबल खरीदकर उन दिव्यांग, अनाथ बच्चों को दे दी। 1 घण्टे के अंदर बच्चों के हाथों में कम्बल पहुंच गया। बच्चे गरम कपड़ा कंबल पाकर खुश हो गए उनके चेहरे पर मुस्कराहट आ गई। उल्लेखनीय है कि यह एक ऐसी संस्था है जो दीन दुखियो और जरूरतमंदों के लिए हमेशा खड़ी रहती है। शहर में इनके द्वारा लगातार जनसेवा का काम किया जा रहा है। यह संस्था मदद के लिए हमेशा सामने आती है जो इस शहर के लिए गौरव की बात है।





# छात्रों ने किया अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, जंगल सफारी पुरखौती मुक्तांगन व कौशल्या मंदिर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राओं को 11 दिसंबर बुधवार क़ो शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जहां बच्चों को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, जंगल सफारी, पुरखौती मुक्तांगन, चंद्रखुरी माता कौशल्या मंदिर का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में शाला के शिक्षक स्टाफ के साथ कुल 70 बच्चों ने शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम को देखकर बच्चों ने आश्चर्य जताया। जंगल सफारी के खुले वातावरण में शेर, भालू, बाघ, हिरण, बारासिंघा, नीलगाय, मोर को करीब से देखकर बच्चे उत्साहित हुए। साथ ही जू में विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं को देखकर बच्चे प्रसन्न हुए। पुरखौती मुक्तांगन में बने छत्तीसगढ़ की विभिन्न कलाकृतियां, संस्कृति, धरोहर को देखकर बच्चे रोमांचित हुए। कौशल्या माता मंदिर चंदखुरी का दर्शन कर बच्चों ने भगवान राम के ननिहाल के बारे में उत्सुकता से जाना। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को छत्तीसगढ़ की धरोहर व संस्कृति का अध्ययन कराने के साथ-साथ प्राकृतिक अध्ययन करना भी उद्देश्य था। इस दौरान प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम, यशोदा तिवारी, कुंती देवांगन, लक्ष्मी मानिकपुरी, किरण दीवान, किशोर देवांगन, लीनू चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



# जिला स्तरीय युवा उत्सव में मैनपुर ब्लाक का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा विभिन्न स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में गत दिवस विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन विकासखण्ड मैनपुर में किया गया। विकासखण्ड के चयनित प्रतिभागियों को दिनांक 10 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित कराया गया। उक्त जानकारी देते हुए खेल एवं युवा कल्याण विभाग मैनपुर के नोडल अधिकारी यषवंत बघेल ने बताया कि प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग महिला एवं पुरूषद प्रतिभागी भाग लिए थे। प्रतियोगिता में सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोकगीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालीन भाषण, कविता, विज्ञान मेला, हस्तषिल्प, टेक्सटाईल, कृषि उत्पाद, राकबेन्ड आदि शमिल था। श्री बघेल ने आगे बताया कि विकासखण्ड मैनपुर के कुल 40 प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया एवं बढ़चढ़ कर प्रस्तुती दी। फलस्वरूप सामूहिक लोकनृत्य में गोवर्धन राउत नाचा दल भटगांव जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लोकनृत्य व्यक्तिगत चन्द्रकान्त ध्रुव नहानबिरी प्रथम लोकगीत व्यक्तिगत मयंक नेताम प्रथम, टेक्सटाइल प्रतियोगिता में कुमारी दामिनी यादव प्रथम, कृषि उत्पाद में चवलेष्वरी ग्रुप प्रथम, कहानी लेखन पायल पटेल द्वितीय, चित्रकला में दीपक ध्रुव द्वितीय हस्तशिल्प में कुमारी हसीना नागे ग्रुप द्वितीय, इस प्रकार जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिला गरियाबंद की ओर से प्रतिनिधित्व करेगें। पूरे विधाओं प्रतिभागियों को डोमार पटेल, देवषंकर नेताम, शेख इमामुद्दीन, टीकम पटेल, दुर्गाचारण कोमर्रा, पदमिनी शांडिल्य, चित्ररेखा वर्मा, संतोष तारक, सुन्दर कष्यप, गीता नवरंग ने प्रोत्साहित किया। सभी विजेता एवं उप विजेता प्रतिभागियों को क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, योगश शर्मा, दुलार सिन्हा, शेख हसन खान, रामकृष्ण ध्रुव, महेष कश्यप, नन्दनी नेताम सरिता ठाकुर, गेन्दु यादव ने बधाई दी।




**40 प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया**

### राम जानकी मंदिर में मनाई गई गीता जयंती

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के रामजानकी मंदिर में अगहन महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी बुधवार को गीता जयंती मनाई गई। मंदिर में प्रातः भगवान कृष्णा की पूजा आरती हुई। श्रीमद्भगवद गीता की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर, सुगंधित फूलों से पूजा कर गीता का पाठ भक्तों द्वारा किया। भक्तों ने विधि विधान पूर्वक गीता का अध्ययन किया। आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने बताया कि आज के दिन भगवदगीता पढ़ना और सुनना बहुत शुभ माना जाता है। भगवदगीता को 18 अध्यायों में विभाजित किया गया है। जिसमें ज्ञानयोग, कर्मयोग तथा भक्तियोग की विवेचना की गई है।



### मड़ई में देवी-देवताओं की निकाली गई शोभायात्रा

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उदगम भाठीगढ़ में बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस मड़ाई मेला में शामिल होने क्षेत्रभर से देवी- देवताओं की डांग–डोली, ध्वज गाजे- बाजे के साथ पहुंची। पूजा अर्चना के बाद मड़ई बिहाई रस्म निभाई गई और क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना किया गया। इस मौके पर हरिशचंद नेगी, आशाराम यादव, नाथुराम ध्रुर्वा, खेदुनेगी, डाकेश्वर नेगी, प्रेमसाय जगत, छबी दीवान, मुक्तियार दीवान,पवन दीवान, सुन्दर कपिल, नारद नेगी, देवी सिंह चक्रधारी, तुलसी नागेश, दामोदर नेगी, बिशेषर सिक्का, बसंत जगत क्षेत्रभर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वहीं मड़ई मेला में भारी भीड़ लगी पाराम्पारिक रेहचुली का आनंद लेने लोग उमड़ पड़े।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर**
**// पुनः ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./ 202409115600026/बी-121/2024-2025

रायपुर, दिनांक 06/12 / 2024

ग्राम चंगोराभाठा, प.ह.नं. 59, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मधु पति श्री मनोज कुमार पांडेय निवासी शैलेन्द्र नगर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम चंगोराभाठा, प.ह.नं. 58, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 146/23 रकबा 0.0090 हे. भूमि धारित किया जाता है। उक्त धारित भूमि का आवेदक को पूर्व में ऋण पुस्तिका प्रदाय किया गया था जो कि गुम हो गया है। अतः आवेदक द्वारा धारित उक्त वर्णित भूमि का द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 30/12/2024 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30.12.2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /202408113800031 / बी-121/2023-2024

रायपुर, दिनांक 04/12/2024

ग्राम-रायपुरा, प.ह.नं. 57
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मनोज कुमार पाण्डेय पिता श्री एस.बी. पाण्डेय निवासी शैलेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में ऋण पुस्तिका प्रदाय करने बाबत आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम-रायपुरा, प.ह.नं. 57 रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 325/11, रकबा 0.0360 हे., भूमि राजस्व अभिलेख में मनोज कुमार पाण्डेय पिता श्री एस.बी. पाण्डेय मधु पाण्डेय पति मनोज पाण्डेय, उर्मिला पाण्डेय पति एस. बी. पाण्डेय के नाम से शामिल खाता मे दर्ज है। आवेदक को ऋण पुस्तिका प्रदान की गई थी। उक्त ऋण पुस्तिका शैलेन्द्र नगर से राजेन्द्र नगर के बीच दिनांक 14/08/2024 को गुम हो गयी है। जिसे आवेदक द्वारा काफी प्रयास द्वारा भी नही मिल पायी। ऋण पुस्तिका के अभाव मे आवेदक को शासकीय कार्यों में कठिनाई हो रही है अतः आवेदक द्वारा नया ऋण पुस्तिका बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः निवेदन है कि आवेदक को उक्त धारित भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किया जावे। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30/12/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 04/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /202408113800030 / बी-121/2023-2024

रायपुर, दिनांक 04/12/2024

ग्राम-रायपुरा, प.ह.नं. 57
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मनोज कुमार पाण्डेय पिता श्री एस.बी. पाण्डेय निवासी शैलेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में ऋण पुस्तिका प्रदाय करने बाबत आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम-रायपुरा, प.ह.नं. 57 रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 325/32, रकबा 0.0110 हे., खसरा नं. 325/61, रकबा 0. 0140 हे., खसरा नं. 325/62, रकबा 0.0280 हे. एंव खसरा नं. 325/63, रकबा 0.0140 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में मनोज कुमार पाण्डेय पिता श्री एस.बी. पाण्डेय है। आवेदक को ऋण पुस्तिका प्रदान की गई थी। उक्त ऋण पुस्तिका शैलेन्द्र नगर से राजेन्द्र नगर के बीच दिनांक 14/08/2024 को गुम हो गयी है। जिसे आवेदक द्वारा काफी प्रयास द्वारा भी नही मिल पायी। ऋण पुस्तिका के अभाव मे आवेदक को शासकीय कार्यों में कठिनाई हो रही है अतः आवेदक द्वारा नया ऋण पुस्तिका बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः निवेदन है कि आवेदक को उक्त धारित भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किया जावे। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30/12/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 04/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

### शहीद स्मारक में विजय दिवस मनाने की तैयारी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाने की तैयारी की जा रही है। विजय दिवस पर अमर शहीदों का फोटो लगाई जा रही है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि भारतीय सेना ने दुनिया के सामने अपने शौर्य और पराक्रम के कई प्रतीक स्थापित किए है। और जब पाकिस्तान की सेना चोरों की तरह भारत में घुस आई थी और दुर्गम चोटियों से हमले कर रही थी, तो डरने और भागने के बजाय इंडियन आर्मी ने अपने अदम्य साहस का परिचय दिया। इस जंग में कई वीरों ने शहादत ली, लेकिन भारत मां पर कोई आंच नहीं आने दी। भारत और पाकिस्तान के युद्ध में भारत की जीत हुई और भारतीय सेना का ऑपरेशन विजय भी सफल रहा है। इस युद्ध में कई वीर सपूतों ने अपने प्राण हंसते-हंसते भारत की शान में न्यौछावर कर दिए।

### मैनपुर स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान शिविर कल

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में 14 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।







राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### डीईओ को नियमितिकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

**मैनपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबन्द कार्यालय में पहुंच रायपुर संभाग के अंतर्गत उच्च श्रेणी शिक्षक व्यायाम शिक्षक, कृषि शिक्षक एव जिला स्तर में नियुक्त सहायक शिक्षक अगस्त-सितम्बर 2021 मे नियुक्त सभी की परीक्षाअवधि समाप्ति आदेश निकालने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश नियमित सर्व शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक साहू, जिला उपाध्यक्ष केशव, गरियाबंद ब्लॉक के सचिव सत्यम पटेल, धर्मेंद्र जयसवाल, कमलचंद साहू, नरेंद्र पटेल देवनाथ चौहान, रोहित कुमार ध्रव ,रोहित कुमार एवं अन्य पदाधिकारी और संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### गुरूघासीदास बाबा की जंयती उपलक्ष्य पर शोभायात्रा आज

**अभनपुर।** पूज्य गुरूघासीदास बाबा की जंयती उपलक्ष्य पर 13 दिसंबर को सतनामी समाज अभनपुर परिक्षेत्र के तत्वाधान मे भव्य शोभायात्रा स्वर्गीय मिनी माता कन्या आश्रम उरला अभनपुर से चंडी मोड़ स्थित सतनाम भवन भक्तिन कुटी पहुंचेगा। उक्त कार्यक्रम सभा स्थल मे मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, विशिष्ट अतिथि राजेश्री महंत श्याम सुंदरदास, केपी खांडे आदि प्रमुख व्यक्ति सम्मिलित होंगे। सतनामी समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन ने उक्त जानकारी देते बताया कि छत्तीसगढ़ मे पूज्य गुरू गुरूघासीदास बाबा जंयती का शुभारंभ अभनपुर में शोभायात्रा के माध्यम से कई वर्षो से किया जा रहा है जिसमे क्षेत्र के सामाजिक लोगो के साथ साथ आसपास के विकासखंडो से भी शोभायात्रा में शामिल होने लोग पहुंचते हैं।

### निधन

#### मदन लाल सेन

**छुरा।** आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला



छुरा के शिक्षक मदन लाल सेन का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## सियासत : राजिम क्षेत्र के किसानों की आजीविका पर पड़ेगा गहरा संकट

# सिकासार बांध का पानी कहीं और ले जाने का प्रयास किसानों के साथ धोखा : शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सिकासार बांध के पानी को महासमुंद जिले में सिंचाई के लिए ले जाने की योजना को लेकर गरियाबंद जिले में राजनीतिक और सामाजिक माहौल गर्म हो गया है। इस मुद्दे पर प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल ने गरियाबंद जिला मुख्यालय में सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ कहा कि सिकासार बांध का पानी राजिम क्षेत्र के किसानों के लिए है, इसे दूसरे जिले में ले जाना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंडित श्यामाचरण शुक्ल ने राजिम क्षेत्र के किसानों की खुशहाली और उनकी सिंचाई जरूरतों को पूरा करने के लिए सिकासार बांध का निर्माण करवाया था। आज भाजपा सरकार इस बांध के पानी को दूसरे जिले में ले जाने की साजिश कर रही है। इससे राजिम क्षेत्र के किसानों की आजीविका पर गहरा संकट आएगा। राजिम विधायक रोहित साहू की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए अमितेश शुक्ल ने कहा की राजिम क्षेत्र के किसानों को अपने विधायक से यह जानने का हक है कि वे इस मुद्दे पर क्या कदम उठाएंगे। उनकी चुप्पी दिखाती है कि उन्हें अपने क्षेत्र के किसानों की कोई चिंता नहीं है। शुक्ल ने मांग की कि विधायक इस योजना पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें और इसे तुरंत रुकवाने की पहल करें।



### कांग्रेस सड़कों पर उतरकर करेगी संघर्ष

अमितेश शुक्ल ने कहा कि भाजपा सरकार की यह योजना किसानों के खिलाफ अब तक की सबसे खतरनाक साजिश है। उन्होंने कहा, सिकासार बांध का पानी राजिम क्षेत्र के किसानों के लिए जीवनरेखा है। इसे महासमुंद जिले में ले जाने से यहां के किसान पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस जाएंगे। शुक्ल ने कहा कि सिकासार बांध का पानी कहीं और ले जाने का प्रयास किसानों के साथ धोखा है। उन्होंने ऐलान किया कि कांग्रेस इस योजना के खिलाफ सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी। राजिम क्षेत्र के किसानों की हकदारी को छीनने की कोशिश को हम हर हाल में नाकाम करेंगे। शुक्ल ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा की यदि यह योजना आगे बढ़ाई गई, तो इसका जवाब जनता सड़कों पर उतरकर देगी। सिकासार बांध से जुड़े किसानों और स्थानीय लोगों का संघर्ष सिर्फ एक शुरुआत है। अमितेश शुक्ल के इस तीखे बयान के बाद क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। जहां राजिम के किसान इस योजना का विरोध कर रहे हैं, वहीं महासमुंद और बागबाहरा क्षेत्र के लोग इसे सिंचाई के लिए राहत मान रहे हैं।

## फोकटपारा किरवई में बच्चों ने स्टॉल लगाकर पकवान सजाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला फोकटपारा किरवई में आनंद मेला का आयोजन हुआ। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आनंद मेले में विभिन्न पकवानों के स्टॉल लगाए। इसके अलावा मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया था। आनंद मेला के शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष पुष्पा साहू ने कहा कि आनन्द मेला का छात्र-छात्राओं को साल भर इंतजार रहता है। आनंद मेला में विद्यार्थी को आनन्द लेने के साथ-साथ सीखने का अवसर भी प्राप्त होता है। शिक्षक दिनेश्वर ने कहा कि आनन्द मेला में भाग लेने विद्यार्थियों के अभिभावकों व ग्रामवासियों में उत्सुकता रहती है। कार्यक्रम को प्रधानपाठक खेलन साहू, गैंदराम साहू, शाला एसएमसी के अध्यक्ष भोला साहू ने भी संबोधित किया। मेले में छात्र-छात्राओं ने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया व स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर गीता साहू, मानकी चंदेल, श्यामकुमारी यादव, शंभु आडिल, मधु महिलांग, उषा साहू, रोशनी ध्रुव, दिनेश साहू, त्रिलोक साहू, यादराम साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## नारी सम्मान के लिए अभिव्यक्ति ऐप है जरूरी : संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

को कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एवं पुलिस थाना फिंगेश्वर के संयुक्त तत्वाधान में 11 दिसंबर को अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान आरक्षक संकल्प साहू प्रधान आरक्षक ने महिलाओ एवं छात्राओं की अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने, उनकी शिकायत एवं निराकरण करने के संबंध मे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए महिला अधिकारों की जानकारी देते हुए मार्ग दर्शन किया। उन्होंने महिला सेफ्टी के तहत इस ऐप को प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड करने की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओमेश ठाकुर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. अजीत मन्नाडे, डॉ. सुमन रावते, डॉ. कुंतल साटकर, सत्येंद्र पाटले, विभा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## शोभायात्रा के बाद माता लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम फरसरा में महालक्ष्मी पूजा समिति द्वारा 11 से 16 दिसंबर तक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का अयोजन किया गया है। बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में शामिल होने जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष स्मृति ठाकुर भी पहुंचे और उन्होने अपने सिर में कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए भव्य शोभायात्रा के बाद विधि विधान के साथ माता लक्ष्मी की मूर्ति की स्थापना किया गया। इस दौरान पूजा अर्चना कर जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान यहां 6 दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पुराण वाचक कथा प्रसंग, माता सेवा एवं रात में ओड़िया नाटक का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चन्द्रशेखर मरकाम, धनसिंह सोरी, पुरनी बाई सोरी, आचार्य पंण्डित मदनलाल मिश्रा, गजमोहन दास, राजेन्द्र सोरी, जलाधर सोरी, चैतन सोरी, उमाशंकर मरकाम, दीनोराम मरकाम, श्याम सुन्दर, रूसुराम बीसी, निरंजन, अर्जुनराम तुलाराम मरकाम एवं बड़ी संख्या में पूरे ग्रामवासी शामिल हुए।

■ महालक्ष्मी पूजा में पंचायत अध्यक्ष शामिल हुए

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर कंप्यूटर ऑपरेटर

**राजिम।** धान खरीदी केंद्र में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर अनिश्चितकालीन हड़ताल में जा रहे है। यह जानकारी देते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर बौद्धराम साहू, योगेश साहू, हरिशंकर साहू, चमन ध्रुव, दुलार निषाद, तोरण साहू ने बताया कि 17 वर्ष तक डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर कार्य करने के बाद भी आज तक कोई विभाग तय नहीं हुआ है और ना ही संविदा वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने धान खरीदी केन्द्रो में विगत 17 वर्षो से कार्यरत पूरे प्रदेश में 2739 डाटा एंट्री आपरेटरों को खाद्य विभाग में विलय कर संविदा वेतनमान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री को अक्टूबर माह में पत्र लिखा था। जानकारी के मुताबिक प्रदेश के धान खरीदी केंद्रो में 2739 डाटा एंट्री आपरेटर कार्यरत है। जिन्हें संविदा वेतनमान 27 प्रतिशत वृद्धि का लाभ भी नहीं दिया जा रहा है। जबकि प्रदेश के सभी संविदा कर्मचारियों के लिए यह नियम लागु है। 17 वर्ष तक कार्य करने के बावजूद सरकार कोई विभाग देने के बजाए आउटसोर्सिंग भर्ती करने की तैयारी में है। आपरेटर संघ के प्रदेशाध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने कहा कि आजपर्यन्त तक हमारी मांगों पर कोई विचार कर ठोस निर्णय नहीं लिया गया है अतएव 3 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन को पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। यह आंदोलन माना तूता धरना स्थल, नवा रायपुर में होगा। इस आंदोलन में पूरे प्रदेश के 2739 धान खरीदी केंद्र के डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल होंगे। जिससे समर्थन मूल्य धान खरीदी का अति महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होगा।

## भेण्डरी सोसायटी में मनाया गया सुशासन दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भेण्डरी पंजीयन क्रमांक 763 धान खरीदी केंद्र परिसर में शासन एक वर्ष पूरा होने सुशासन दिवस मनाया गया। 100 किसानों का सम्मान किया गया। समिति नवनिर्वाचित अध्यक्ष हेमंत साहू ने किसानों को फूलमाला पहनाकर श्रीफल देकर सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्याम साहू भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष, हेमंत साहू प्राधिकृत अधिकारी समिति भेण्डरी, होरीलाल साहू, राजेश साहू प्राधिकृत अधिकारी समिति खिसौरा, डागेश्वर सोनकर, सरपंच प्रीतराम देवांगन , शडामेश्वरी यादव, कृपा ध्रुव, रोहित पटेल, सुरेश साहू, अशोक साहू, मोहन साहू, झूमुक देवांगन, केदार साहू मौजूद थे। किसान सम्मान के रूप में उपस्थित कृषक ईश्वरी वर्मा, डोशन सिन्हा, आशाराम साहू, अंजोर वर्मा, जगत ध्रुव, गोविंद पटेल, कपिल पटेल, पंचूराम ध्रुव, शिव साहू, नंद साहू, बखरिया साहू, अनिरुद्ध साहू, छबिलाल साहू का श्रीफल और पुष्पमाला से सम्मान किया गया एवं समिति के प्रबंधक कार्तिक साहू सहकारिता विभाग नीति एवं नियम की जानकारी दी।

## परसट्ठी में रासेयो का 7 दिवसीय शिविर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुसुमलता-तोषण साहू जिला पंचायत सदस्य , अध्यक्षता टोमन साहू सरपंच ग्राम पंचायत परसट्ठी, विशिष्ट अतिथि श्याम साहू अध्यक्ष शासकीय प्रथामिक एवं वि. समिति शासकीय उच्चतर माध्ययमिक विद्यालय, डगेश्वर सोनकर, गोकुल साहू, छबि साहू द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के पूजा-अर्चना तथा भागीरथी सोनकर शिक्षक द्वारा हनुमान चालीसा, कुमारी बबीता के स्वर में भगवान राम स्तुति के साथ प्रारंभ हुआ। विद्यार्थी स्वयं सेवकों ने विभिन्न मनमोहक शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संचालन का कार्य सहायक कार्यक्रम अधिकारी चंद्रशेखर निषाद तथा चुम्मन साहू ने किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी राजू साहू शिविर में किए गए गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। सरपंच टोमन साहू ने कहा कि समय-समय पर ग्राम में इस प्रकार की जनजागरूकता, प्रेरणाप्रद कार्यक्रम का आयोजन होता रहता है जिसके लिए मैने सदा प्रयास किया है और आगे भी करता रहूंगा इससे ग्राम का नाम रौशन होता है। रासेयो स्वयंसेवकों के ग्राम में किए गए कार्यों को सराहा तथा सभी की उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यायल के प्रभारी प्राचार्य मोहनज्योति साहू, ममता चंद्राकर, दुर्गेश्वरी साहू, परमेंद्र महिलवार, रूपेश सोनी, प्रदीप ननवरे, गीता यादव, दुर्गेश साहू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जामगांव में महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत जामगांव के सरपंच अरुण सिन्हा, सचिव गौकरण साहू ने हितग्राहियों का श्री फल भेट कर सम्मान किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक देवांगन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऐवती साहू, दुलारी साहू, संतोषी सिन्हा, सहायिका अनारकली साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित हुए।



## रासेयो इकाई के छात्रों ने एड्स के प्रति जागरूकता लाने के लिए शपथ ली

**फिंगेश्वर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र फिंगेश्वर गरियाबंद के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश शर्मा के अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का आयोजन 11 दिसंबर को किया गया। डॉ. विपिन लहरे चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर ने एड्स के बारे मे विस्तृत जानकारी छात्रों को प्रदान की। डॉ. देवेन्द्र भारती शिशु रोग चिकित्सा अधिकारी ने एड्स के निवारण और नियंत्रण के लिए जागरुक होने का संदेश दिया। रासेयो इकाई के छात्रों ने एड्स के प्रति जागरूकता लाने के लिए शपथ ली। वहीं पर पोस्टर एवं रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमेश ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान कृषि महाविद्यालय के डॉ. अजीत मन्नाडे, डॉ. सुमन रावटे, डॉ. कुंतल साटकर, विभा मेडम सहित छात्रगण उपस्थित थे।




## समता क्लब मैदान में आयोजित भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़

# दूसरों के दुख- दर्द को समझने का प्रयास करें : विष्णु अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के समता क्लब मैदान में सेवानिवृत प्रधान पाठक स्व.किसुन श्रीवास के प्रथम वार्षिक श्राद्ध पर भागवत कथा को संबोधित करते हुए भगवताचार्य विष्णु अरोड़ा ने कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म जब कारागाह में हुआ तो वह रोए नहीं। जबकि मनुष्य का बच्चा जन्म के बाद रोते नजर आते हैं। आखिर क्या कारण है कि भगवान मनुष्य जन्म लेकर रोए नहीं? वहीं पर भगवान श्रीराम चंद्र जब अवतार लिए तो वे खूब रो रहे थे। वे क्यों रो रहे थे? आइये हम दोनों के कारणों को जानते हैं। भगवान रामचंद्र जी चक्रवर्ती सम्राट दशरथ के घर में जन्म लिये थे जिनके पास धन दौलत की कोई कमी नहीं थी। अर्थात अमीरी परिवेश के रहते उनका जन्म हुआ था वहीं पर भगवान कृष्ण जेल में जन्म लिये थे और जेल में कोई धन दौलत नहीं था। निर्धनता, गरीबी अभाव में जन्म लिए। जबकि देखा जाता है कि गरीब समस्याओं से जूझते हुए रोते रहते हैं। वहीं पर सुख साधन से संपन्न व्यक्ति रोता नहीं है क्योकि उसके पास कोई कमी नहीं होता। भगवान नारायण जब राम रूप में रो सकते है तो कृष्ण रूप में क्यो नहीं रोए। इसी बात को कथा में समझनी है। दोनों महत्वपूर्ण बाते हैं। दोनों के आचरणों से बहुत कुछ सीखना को मिलता है। परमात्मा अपने चरित्र से संदेश दे रहे हैं। आपके पास धन संपत्ति है तो रोये। भगवान राम रोते जरूर है लेकिन अपने लिये नहीं रोते। वे दूसरों के लिए रोते हैं। राम के चरित्र मे देखे तो पूरा जीवन वे रोते रहे। कभी मां के लिए, पिता के लिए, अपनी भार्या के लिए रोये, अपने सेवक के लिए रोये लेकिन अपने लिये नहीं रोये। दूसरे की पीड़ा को समझ कर आंसू बहाये तो आपको दौलत का अंहकार नहीं होगा अर्थात दूसरे के दुख दर्द को समझने का प्रयास करें।

### मुसीबतों का सामना हंसते हुए करिए

भगवान कृष्ण का सिद्धांत रहा है कि आप निर्धन है तो बिल्कुल न रोये। रोने से गरीबी दूर नहीं होगी। किसी को बताने से भी गरीबी दूर नहीं होगा। गरीब है तो हंसते, नाचते जीवन जीये। गरीबी में जिकर भगवान कृष्ण कभी रोये नहीं और आगे जा कर द्वारिकाधीश बने। इसलिए इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलता है कि जीवन का हर मुसीबत का सामना हंसते हुए करिये। दुख में भी जो हंसते हैं वहीं अपना जीवन का सफल बना पाते है।





उन्होंने कथा में भगवान कृष्ण की लीलाओ का वर्णन कर पूतना राक्षसी का वध, संगती के असर, कंस वध आदि की कथा को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहें हैं। कार्यक्रम में आयोजक परिवार के हेमीन श्रीवास, राजेश कामनी श्रीवास, जितेश सिंधु श्रीवास, गायत्री, अशोक सेन सहित श्रद्धालु डॉ. चंद्रशेखर हरित, बसंत सोनी, शिवनंदन श्रीवास, जनपद सदस्य राधेश्याम साहू, दीपक पोद्दार, अमृत यदु, मिंजून साहू, संतोषी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड रही।

